(ग) उपरोक्त वर्णित बिल में ही ठेकेदार को अनुबन्ध सं0 1 वर्ष 94-95 की मद सं0 12 की रिकार्ड प्रविष्टियां माप पुस्तिका संख्या7974 के पृष्ठ 32 पर 16 एम0एम0 साईज टोर स्टील के किए गए कार्य का पृष्ठ 31 से पृष्ठ 32 पर उठाते समय 1426.41 रनींग मीटर के स्थान पर 1626.41 रन0 मीटर उठाया गया तथा पृष्ठ 32 पर ही माप पुस्तिका संख्या 884 के पृष्ठ 94 पर गलत गणना किए जाने के फलस्वरूप 224 रन0 मीटर के स्थान पर 2 26 रनींग मीटर लिया गया परिणाम स्वरूप कुल 202 रन0 मी0 16 एम0एम0 टोर स्टील, जिसका कुल भार 319.16 कि0 ग्रा0 बनता है का अपयोजन किया गया है । उक्त निर्माण कार्य के एम0एएस0 रजिस्टर/माप पुस्तिका के अनुसार 16 एम0 टोर स्टील का उपयोग पांचवें चलत बिल में 3902.61 कि0ग्रा0 दर्शाया गया है जबकि वास्तव में हुए प्रयोग के आधार पर यह उपयोग केवल 3583.45 कि0ग्रा0 की हुआ जो कि 319.16 कि0ग्रा0 अधिक है था अनुबन्ध में टोर स्टील की जारी दर 13818.48 रुपये प्रति मी0 टन निर्धारित की गई थी । कुल 319.16 कि0ग्रा0 टोर स्टील के किए गए अपयोजन, जिसका कि द्विगुणित मुल्य 8820.60 रुपये बनता है, की वसूली शीघ्र करके इस कार्यालय को सूचित करके अनुपालना का सत्यापन आगामी अंकेक्षण के समय पर करवाया जाए ।

(घ) माप पुस्तिका संख्या 7974 के पृष्ठ सं0 33 पर 22 एम0एम0 साईज के टार स्टील के किए गए कार्य को 264.80 मीटर दर्शाया गया है परन्तु इसे कि0ग्रा0 में परिवर्तित करते समय 2.98 के फैक्टर को लगाने के स्थान पर 3.00 का फैक्टर लगा कर स्टील का उपयोग किलोग्राम में 794.40 दर्शाया गया है जबकि यह सही फैक्टर के अनुसार 789.10 कि0ग्रा0 टोर स्टील का अधिक उपयोग दर्शाया गया है । स्टील के द्विगुणित मूल्य अनुसार 5.3 कि0ग्रा0 स्टील की कुल कीमत 146.46 रुपये बनती है । इस राशि की वसूली शीघ्र की जाए व अनुपालना का सत्यापन आगामी अंकेक्षण के समय करवाया जाए ।

19. <u>वाउचर संख्या :108 दिनांक 23.3.95 राशि 10,000/-रुपये</u>

निर्माण कार्य का नाम :	कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विश्राम गृह का निर्माण कार्य (निवेक्षा निर्माण कार्य)
निर्माण कार्य आदेश संख्या :	(भूमि के भारक्षमता का निरिक्षण 46 वर्ष 1994-95
निर्माण कार्य संख्या	राष्ट्रीय भूमि निरिक्षण तथा अध्ययन

प्रयोगशाला, चण्डीगढ़ ।

माप पुस्तिका संख्या 7970/94 पृष्ठ-5

उपरोक्त निर्माण कार्य के लिए राष्ट्रीय भूमि निरीक्षण तथा अध्ययन प्रयोगशाला, चण्डीगढ़ को शुद्ध राशि 9800.00 रुपये का प्रथम एवं अन्तिम बिल के रूप में चैक संख्या 597301 दिनांक 23.3.95 द्वारा भुगतान किया गया । इस बिल की जांच उपरान्त निम्नलिखित आपत्तियां एवं नियमितताएं पाई गई :-

{क} इस निर्माण कार्य के लिए सचिव एवं मुख्य अभियन्ता के पत्र संख्या एच0बी0{डी0बी0} विश्राम गृह/कुरुक्षेत्र/94-खण्ड-1 दिनांक 22.11.94 द्वारा राशि 5500.00 रुपये का प्राकलन/ अनुमान स्वीकृत किया गया था । इस अनुमान को स्वीकृत करते समय सचिव एवं मुख्य अभियन्ता द्वारा शर्त लगाई गई थी कि यह निरीक्षण कार्य हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग की निरीक्षण प्रयोगशाला से ही करवाया जाए । परन्तु वास्तविक निष्पादन में मण्डल अधिकारी द्वारा मुख्य अभियन्ता के आदेश की उलंघना करके यह कार्य राष्ट्रीय भूमि निरीक्षण तथा अध्ययन प्रयोगशाला चंडीगढ़ से राशि 10,000 रुपये में करवाया गया । इस प्रकार इस कार्य में राशि 4500/-रुपये स्वीकृत अनुमान से अधिक व्यय के की गई । अनुमान से अधिक बिना स्वीकृति से व्यय करने तथा इस कार्यके को मुख्य अभियन्ता के आदेशों की उलंघना करके निजि फर्म से करवाए जाने के लिए पूर्ण रूप से स्पष्टीकरण देते हुए औचित्य स्पष्ट किया जाए

{ख} इस के अतिरिक्त चण्डीगढ़ स्थित राष्ट्रीय भूमि निरिक्षण तथा अध्ययन प्रयोगशाला से निरिक्षण कार्य करवाते समय कार्यालय आदेश संख्या एच0बी0ई/एस-10-खण्ड-23/94-3974-78 दिनांक 14.9.94 द्वारा बुलाई गई दर संविदाओं की प्राप्ति की अन्तिम तिथि 26.9.94 थी । तुलनात्मक विवरणिका की जांच करने पर पाया गया कि चण्डीगढ़ स्थित तीन फर्मों की दर संविदाएं प्राप्त की गई । तीनों फर्मों की संविदाओं{लिफाफों} पर तिथि 26.9.94 अंकित थी तथा अधिशासी अभियन्ता द्वारा भी यह संविदाएं उसी दिन खोली दिखाई गई थी । इन संविदाओं के लिफाफे भी अभिलेख में उपलब्ध नहीं थे उपरोक्त से स्पष्ट है कि केवल अभिलेख की खाना पूर्ति हेतु यह संविदाएं एकही फर्म से प्राप्त की गई जो कि अनियमित है । संवैतिक औपचारिकताओं का पूर्ण रूप से अनुसरण न करने बारे औचित्य स्पष्ट किया जाए ।

{ग} लेखा परीक्षण में यह भी देखा गया किस्वीकृत अनुमान अनुसार बल केवल दो गढे करने का प्रावधान था जिसके उपर फर्म की दरों के अनुसार केवल 7500 रुपये का व्यय होना था । परन्तु वास्तव निष्पादन में तीन गढे खोदे गए जिससे व्यय 10,000 रुपये हो गया । इस प्रकार स्वीकृति से अधिक कार्य करवा कर फर्म को अनुचित रूप से लाभ पहुंचाया गया लगता है । इस अनियमितता बारे उचित स्पष्टीकरण दिया जाए ।

20. <u>वाउचर संख्या: 13 दिनांक 4.3.95 राशि 5,24,257.00 रुपये</u>

" निर्माण कार्य का नाम : स्वत: वित्तीय योजना के अन्तर्गत संजौली

लगातार पृ0..19 /-

आवास बस्ती में 24 नम्बर श्रेणी-III
फ्लैटों का निर्माण कार्य (चरण-II)

ठेकेदार का नाम : श्री सतीश कुमार गोयल ।
अनुबन्ध संख्या : 10 वर्ष 1994-95
माप पुस्तिका संख्या : 7964/94, 7965/94 तथा 7966/94

इस निर्माण कार्य के लिए प्रथम चलत बिल के रूप में श्री सतीश कुमार गोयल ठेकेदार को राशि 4,83,459.00 रुपये का भुगतान चैक संख्या 963256 दिनांक 4.3.95 द्वारा किया गया । इस निर्माण कार्य की जांच उपरान्त निम्नलिखित आपत्तियां एवं अनियमितताएं पाई गई

(क) इस निर्माण कार्य के लिए राशि 21,21,993.00 रुपये का व्यवहारिक प्राकलन/अनुमान सचिव एवं मुख्य अभियन्ता के पत्र संख्या: एच0बी0(डी0बी0)एस0ए0एस0-संजौली/93-खण्ड-III दिनांक 9.2.94 द्वारा स्वीकृत किया गया तथा तदानुसार निविदाएं बुलाई गई परन्तु इस कार्य का आरम्भ करने से पूर्व तकनीकी स्वीकृति नहीं ली गई । कार्य आरम्भ करने के उपरान्त अधिशाषी अभियन्ता द्वारा इस कार्य की तकनो तकनीकी स्वीकृति के लिए राशि 58,94,130.00 रुपये के अनुमान/ प्राकलन मुख्यालय को प्रस्तुत किए गए । परन्तु आयुक्त एवं सचिव के स्वीकृति पत्र संख्या:एच0एस0जी0-6(ई)6-1/91 दिनांक 24.4.92 द्वारा केवल 34,88,619.00 रुपये की ही प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई थी तथा सचिव एवं मुख्य अभियन्ता द्वारा भी इसी उपरोक्त कारण से तकनीकी स्वीकृति प्रदान नहीं की और केवल व्यवहारिक प्राकलन/अनुमान ही स्वीकृत किया गया । सचिव एवं मुख्य अभियन्ता ने अपने स्वीकृति पत्र में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के लिए संशोधित अनुमान प्रस्तुत करने हेतु कहा था ताकि संशोधित प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त की जा सके । परन्तु मण्डलाधि- -कारी द्वारा इस सन्दर्भ में आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई जो कि अनियमित ही नहीं बल्कि बहुत ही आपत्तिजनक है । इस निर्माण कार्य की संशोधित प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा तकनीकी स्वीकृति अविलम्ब प्राप्त करके अनुपालना लेखा परीक्षण को दिखाई जाए ।

21. <u>वाउचर संख्या :170 दिनांक 28.6.94</u> :- श्री सतीश गोयल, संविदाकार को इस वाउचर द्वारा सन्जौली में स्वयं वित्तीय योजना के अन्तर्गत श्रेणी-2 के 32 फ्लैटों (आन्तरिक जल आपूर्ती एवं सैनेटरी इन्सटालेशन सहित सहित-) के निर्माण कार्य के सन्दर्भ में वर्ष 1991-92 के एग्रीमैन्ट संख्या 9 के तेरहवें चलित बिल का भुगतान किया गया । इस निर्माण कार्य से सम्बन्धित माप पुस्तिका संख्या 843/92 के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि उक्त माप पुस्तिका के पृष्ठ-50 पर मद संख्या 45/53 (एग्रीमैन्ट मद संख्या:53) जो कि फिनिशिंग वाल्ज विद वाटर प्रूफिंग सीमेन्ट ऑफ अप्रूव्ड ब्रैण्ड बारे है, का योग 930.55 वर्गमीटर लिया गया है जबकि वास्तव में यह योग 910.64 वर्गमीटर(~~अर्थात×सहि×यह×है×लगभग~~ बनता है । इस प्रकार एक ब्लाक हेतु यह प्रमात्रा 19.91 वर्गमीटर (930.55-

लगातार पृ0..20/-

-910.64 वर्ग मीटर‖ अधिक ली गई है तथा दो ब्लाकों हेतु यह प्रमात्रा 39.82 वर्गमीटर ‖19.91 वर्गमीटर×2‖ अधिक ली गई है तथा तेरहवें चलित बिल का भुगतान करते समय माप पुस्तिका संख्या 897794 में भी यह प्रमात्रा उपरोक्त त्रुटिनुसार ली लेते हुए इसका भुगतान 5/-रुपये प्रति वर्गमीटर के हिसाब से किया गया है क्योंकि इस माप पुस्तिका में इस मद का पूर्ण योग 2344.92 वर्गमीटर के स्थान पर 2384.74 वर्गमीटर हस्तांतरित किया गया है । इस प्रकार संविदाकार को 39.82 वर्गमीटर का रु05/-रुपये प्रतिवर्गमीटर के हिसाब से रु0199.10 रुपये अर्थात 199.00 रुपये का अधिक भुगतान हुआ है जिसकी वसूली करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण को दर्शाई जाए ।

22. वाउचर संख्या 159 दिनांक 31.3.1995 :- इस वाउचर द्वारा श्री सतीश गोयल, संविदाकार को सन्जौली में स्वयं वित्तीय योजना के अन्तर्गत श्रेणी-2 के 32 फ्लैटों ‖आन्तरिक जल आपूर्ती एवं सैनेटरी इन्सटालेशन सहित‖ के निर्माण के सन्दर्भ में वर्ष 1991-92 के एग्रीमेन्ट संख्या 9 के चौदहवें चलित बिल का भुगतान निम्नानुसार किया गया है

1‖ नकद	रु0 5,062.00
2‖ चैक संख्या:597317 दिनांक 31.3.95 द्वारा	रु098,785.00
कुल योग	रु01,03,847.00

इस बिल के सन्दर्भ में अंकेक्षण आपत्तियां निम्नानुसार है :-

‖क‖ <u>शडूयल आफ क्वांटिटी से अधिक मदों का निष्पादन</u>

निम्नलिखित मदों का निष्पादन चौदहवें चलित बिल तक की शडूयल आफ क्वांटिटी में निर्धारित प्रमात्रा से काफी अधिक हो चुका था :-

क्र0सं0	मद संख्या	मद का संक्षिप्त विवरण	शडूयल आफ क्वांटिटी में निर्धारित प्रमात्रा	चौदहवें चलित बिल तक निष्पादित प्रमात्रा	मद की दर
1.	2.	3.	4.	5.	6.
1.	1/1	अर्थ वर्क एण्ड इटस डिस्पोज़ल	2826.56 घन मीटर	3239.37 घन मीटर	40/- रुपये प्रति घन मी0
2.	3/3 ‖डी‖	फोम वर्क आफ ओर्डीनरी टिम्बर इन फ्लैट सरफेसिज़	1949.40 घनमीटर	3653.77 घनमीटर	43/-रुपये प्रतिघन मीटर
3.	3/3‖ई‖	फोम वर्क आफ आर्डीनरी टिम्बर इन ऐजिज़ आफ स्लैबज़ एण्ड ब्रेक्स इन फ्लोरज़ एण्ड वाल्ज़	21.60 ~~घनमीटर~~ रनिंग मी0	202.90 ~~घनमीटर~~ रनिंग मी0	25/-रुपये ~~प्रतिघन मीटर~~ प्रति रनिंग मी0
4.	6/5	प्रोवाइडिंग एण्ड लेइन्ग डेम्प प्रूफ कोर्स 38 एमएम थिक वि सीमेन्ट कन्क्रीट 1:2:4	5.92 वर्गमीटर	28.84 वर्गमीटर	43/-रुपये प्रतिवर्ग मीटर

लगातार पृ0..21/-

5. 7/7(डी)	प्रोवाइडिंग एण्ड लेइंग सीमेन्ट कन्क्रीट वर्क 1:2:4 स्टेयर केसेज(एक्सेप्ट स्पायरल व स्टेयर केसेज)	10.44 घनमीटर	17.24 घनमीटर	1150/-रूपये प्रतिघनमीटर
6. 17/17	प्रोवाइडिंग एण्ड फिक्सिंग प्लेन एस्बेस्टोज सीमेन्ट शीट सीलिंग	457.40 वर्गमीटर	569.52 वर्गमीटर	88/-रूपये प्रतिवर्ग मीटर
7. 19/22(बी)	फिक्सिंग एल्युमिनियम टोवर बोल्टस(बेरल टाईप) विद स्क्रीयूज एटसेटरा 150x10 एम0एम0	640 नग	1024 नग	2/-रू0 प्रति नग।
8. 29/32	कोरूगेटिड जी0आई शीट रूफिंग	729.24 वर्ग मीटर	848.30 वर्ग मीटर	169/-रूपये प्रति वर्गमीटर
9. 31/34	प्रोवाइडिंग वेली 90 सी0 एम ओवर आल इन प्लेन जी0आई शीट फिक्सड विद गैल्वेनाइज्ड आयरन जे और एल हुक्स	40.32 रनिंग मी0	48 रनिगं मी0	129/-रूपये प्रति रनिगं मी0
10. 37/49(ए)	स्टील वर्क वेल्डिड इन सेक्शनस इन बीमस	140.64 क्विंटल	201.627 क्विंटल	1890/-रूपये प्रति क्विंटर
11. 42/46	अपलाईंग टू कोटस आफ प्रिजर्वेटिव ऑन वुड	80 वर्ग मीटर	257.60 वर्गमीटर	7/-रूपये प्रति वर्गमीटर
12. 44/48	6 एम0एम0सीमेन्ट प्लास्टर इन सीलिंग इन सीमेन्ट मोर्टर 1:3(1 सीमेन्ट 3 सेन्ड)	1857.16 वर्गमीटर	2414.64 वर्गमीटर	24/-रूपये प्रति वर्ग मी0
13. 46/50	15 एम0एम0सीमेन्ट प्लास्टर इन सिंगल कोट फोर इंटिरियर प्लास्टरिंग	3231.88 वर्ग मीटर	6669.98 वर्ग मीटर	27/-रूपये प्रतिवर्ग मीटर
14. 47/51	व्हाईट वाशिंग विद लाईम अन्डर सीलिंग ऑव अन्डेकोरेटिड सरफेस (टू कोटस)	2197.32 वर्गमीटर	2213.44 वर्गमीटर	2/-रूपये प्रतिवर्ग मीटर
15. 49/53	फिनिशिंग वाल विद वाटर प्रूफिंग सीमेन्ट पेन्ट ऑफ अप्रूवड ब्रेण्ड एण्ड मेनुफेक्चर	2081.56 वर्गमीटर	2344.92 वर्गमीटर	10/-रूपये प्रति वर्गमीटर

<u>एनेक्सचर "बी"</u>

1. 12/19 प्रोवाइडिंग एण्ड फिक्सिंग सेण्डकास्ट/कास्ट आयरन स्पन स्पिगोट एण्ड सोकेट सोएल:-

लगातार पृ0..22/-

(ए) 75 एम०एम० नोमिनल साईज़	270.88 रनिंग मी०	304.48 रनिंग मी०	149/-रुपये प्रतिरनिंग मी०
(बी) 100 एम०एम० नोमिनल साईज़	118.40 रनिंग मी०	264.30 रनिंग मी०	158/-रुपये प्रतिरनिंग मी०

अत: उपरोक्त अत्याधिक एवं असाधारण बमात्रा में डेविएशन के सन्दर्भ में अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

(ख) चौदहवें चलित बिल तक संविदाकार को सीमेन्ट की 7735 बोरियां जारी की गई है जबकि इस बिल तक सीमेन्ट की खपत मात्र 7342 बोरियां ही है । अत: संविदाकार को इतना अधिक सीमेन्ट जारी करने के औचित्य से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ।

(ग) चौदहवें चलित बिल से सम्बन्धित सीमेन्ट खपत विवरणिका को अधिशासी अभियन्ता से हस्ताक्षरित नहीं करवाया गया है जिसे अब हस्ताक्षरित करवाकर अनुपालना आगामी अंकेक्षण को दर्शाई जाए ।

23. पी०आर सं० 2906 दिनांक 31.3.95 के अवलोकन करने पर पाया गया कि मै० आर०के० ट्रेडर, 62 प्रथम फ्लोर, दी माल शिमला-1 से सप्लाईंग करोमियम प्लेटिड स्टोप काक एंगल काक 15 एम०एम० डाया मेल व फिमेल एन्ड (ए०एस०एल० मेक केट न०513-ए) 64 अदद 190/-रुपये प्रति की दर से खरीदे गए । परन्तु बिन कार्ड सं० 61 पर उक्त मद की प्रविष्टी करते समय केवल 32 अदद ही दर्ज किए गए । इस प्रकार भण्डार में 32 अदद सप्लाईंग करोमियम प्ले-टिड स्टाप काक कम लिए गए । 31.3.95 को उक्त मद का बकाया 127 अदद के स्थान पर 95 अदद ही लिया गया जिसका वास्तविक सत्यापन भी सहायक अभियन्ता द्वारा किया गया है गणना में कम लिए गए 32 अदद सप्लाईंग क्रोमियम प्लेटिड स्टाप काक की कीमत जारी दर 190 /-रुपये प्रति की दर से कुल 6080 रुपये बनती है इस राशि की वसूली सम्बन्धित कर्मचारी से शीघ्र की जाए व अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए ।

24. बिन कार्ड न० एम०-115 के अवलोकन करने पर पाया गया कि एलुमिनि-यम हेंडल 4" का बकाया दिनांक 31.3.95 को 708 न० बनता है परन्तु यह संख्या 624 ही ली गई है तथा सहायक अभियन्ता द्वारा 31.3.95 को प्रत्यक्ष सत्यापन के समय भी यह संख्या 708 के स्थान पर 624 ही दर्शाई थी । इस प्रकार स्टाक में कम पाए गए 84 अदद हेंडल 4" (708-624) की 8.05 रुपये प्रति हेंडल की दर से कुल कीमत रु 676.20 रुपये दोषी से शीघ्र वसूल करके अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए ।

25. <u>समायोजन वाउचर सं० 1 माह 3/95 (द्वितीय) राशि 320149.54 रुपये</u>

उपरोक्त समायोजन वाउचर द्वारा राशि 320149.54 रुपये के लिए स्टाक एवं स्टोर के अधिशेष का समायोजन दिखाया गया है । लेखा परीक्षण में जांच करने पर यह समायोजन गलत पाया गया । दिनांक 31.3.95 को जो शेष स्टोर की सूचि तैयार की गई है उसके अनुसार

लगातार पृ०.23/-

स्टोर कीमत 1754096.84 रुपये लिया गया है तथा खाते में स्टोर की कुल शुद्ध कीमत 31.3.95 को 1433947.30 रुपये ली गई है व अधिशेष 320149.54 रुपये दिखाया गया है जो कि जांच करने पर गलत पाया गया । लेखा परीक्षण में स्टोर सूचि के अनुसार स्टोर की कीमत दिनांक 31.3.95 को 1768724.17 रुपये बनती है जिसके आधार पर स्टोर अधिशेष 334776.87 रुपये बनता है । इस प्रकार स्टोर अधिशेष 14627.33 रुपये कम दिखाया गया है । इस प्रकार लाभ हानि खाते में 14627.33 रुपये से लाभ कम दिखाया गया है । जिसके आवश्यक समायोजन हेतु प्रविष्टी डाली जाए व की गई कार्रवाई का सत्यापन आगामी अंकेक्षण के समय पर करवाएँ । अन्तर का विवरण निम्न वर्णित है :-

बिनकार्ड नं०	मद का नाम	मात्रा जारी दर	राशि जो जारी	राशि जो ली गई	अन्तर आती है	कैफियत
बीएम-11	टोरस्टील 25 एम०एम०	4.318 / 16223 प्रतिटन	70786.95	65732.91	(-)5054.04	मात्रा 4.318 के स्थान पर 4.650 ली गई ।
बी०एम 115	एल्यू०हेडल 4"	708 / 8.05 प्रति	5023.20	5699.40	(+)676.20	मात्रा 708 के स्थान पर 624 ली गई
बीएम-132	एल्यूटावर बोल्ट 210×10एमएम	448 / 21.60	9967.10	9676.80	(-)290.30	जारी दर 3/ स्टोर वार्षि-क सहित कीमत आंकी गई ।
एस०एम 58	क्रोम०प्लेटिड ग्राब	92 / 70 प्रति	4968.00	6440	(+)1472/-	जारी दर 70/- थी परन्तु यह 54/-रु०ली गई
एस०एम 58	क्रोम०प्लेटिड टावलरेल 24"	38 / 165 प्रति	4801.68	6270	(+)1468.32	जारी 165रु०के स्थान पर 126.36रु०ली गई
एस०एम 59	सी०पी०काक से 15 एमएम	60 / 195 प्रति	8700.00	11700	(+)3000	जारी दर195/- के स्थान पर 145/-ली गई
एस०एम 60	सी०पी०बोटल ट्रेप 15 एमएम	60 / 285 प्रति	11340.00	17100	(+)5760	जारी दर 285 के स्थान पर 189/-ली गई
एस०एम 61	सी०पी०स्टेप काक 15 एमएम	127 / 190 प्रति	18050.00	24130	(+)6080	मात्रा 126 के 95/-ली गई
एस०एम० 63	क्रोम०प्ले०वेबकाक 15 एमएम	114 / 190 प्रति	16005.60	21660	(+)5654.40	जारी दर 190 के स्थान पर 140 ली गई

एस०एम 65	ग्लास सैल्फ 600×12	32 / 385	11508.80	12320(+)811.20	जारी दर 385 के स्थान पर 359.65 ही ली गई।
एस०एम 78	वाश बेसिन 550×400	32 / 385	12320.00 —	(-)12320	भण्डार में यह सामान [illegible] 19.5.95 को प्राप्त हुआ था
एस०एम 2	फूल व ग्रास वाल्व ½" Ø	4 / 23.85 प्रति	—	95.40(+)95.40	कीमत लेखांकित नहीं की गई।
-"- 9	जी०आई०एलबो 80 एमएम Ø	15 / 13.10	222.70	196.50(-)26.20	मात्रा 15 के स्थान पर 17 ली गई थी।
-"- 10	जी०आई०टी ½" Ø	159 / 12.95 दर्जन	194.25	171.58(-)22.67	मात्रा 159 के स्थान पर 15 ही ली गई तथा रेट दर्जन के बजाए प्रति के हिसाब से लगाया गया
-"- 41	जी०आई०पाईप 50 एमएम Ø	16.18 रनमी० / 31.45	191.84	508.86(+)317.02	मात्रा 16.18 के स्थान पर 6.10 ली गई
-"- 76	जी०आई० रडयूस सोकेट 1½"×¾ Ø	19 / 10.00	110.00	190(+)80	मात्रा 19 के स्थान पर 11 ही ली गई
-"- 81	जी०आई०यूनियन 40 एमएम Ø	[illegible] / 20	[illegible] 40.00	[illegible] —(-) 40	मात्रा शून्य के स्थान पर [illegible] 2 ली गई।
एस०एम 77	बी०बी०बिब काक लांग बाडी 15	86 / 270.00 प्रति	16254.00	23220(+)6966	दर 270 के स्थान पर 189/-ही लिए गए

योग (+)..14627.33 रुपये

उपरोक्त के अतिरिक्त अधिशेष के रूप में दर्शाई गई राशि 3,20,149.54 के स्थान पर 3,34,776.87 रुपये बनती है। इतनी अधिक मात्रा में अधिशेष के रूप में दर्शाई गई राशि गलत प्रतीत होती है। इस राशि की दोबारा जांच करके जांच के परिणामों से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए।

लगातार पृ0..25/-

26. <u>वाहन संख्या:एच0आई0एस-2744 की लागबुक का रख रखाव :-</u>

वाहन की लाग बुक का रख रखाव ठीक प्रकार से नहीं किया गया है । लाग बुक में विहित कालम प्रक्रियानुसार पूरे नहीं भरे जाते तथा इसके अतिरिक्त जो अन्य त्रुटियां पाई गई वे निम्नानुसार है :-

(क) दिनांक 20.4.1994 को प्रारम्भिक मीटर रीडिंग 1860 थी तथा उस दिन वाहन 60 किलोमीटर चला तथा इस प्रकार उस दिन की अन्तिम मीटर रीडिंग 1920 बनती है तथा लाग बुक में भी यही दर्शाई गई है । किन्तु दिनांक 21.4.1994 को वाहन की प्रारम्भिक मीटर रीडिंग 1929 दर्शाई गई है । इससे प्रतीत होता है कि या तो लाग बुक में वाहन की वास्तविक मीटर रीडिंग नहीं दर्शाई जाती या फिर चालक ने वाहन 9 किलोमीटर अन्यथा प्रयोग किया है । अत: इस सन्दर्भ में यथोचित कार्यवाही करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण को दर्शाई जाए ।

(ख) दिनांक 2.5.1994 तथा दिनांक 3.5.1994 को वाहन क्रमश: 216 किलोमीटर व 81 किलोमीटर चला तथा दोनों दिन वाहन का प्रयोग स्थानीय अर्थात शिमला में ही किया गया । लाग बुक के अनुसार दोनों दिन वाहन का प्रयोग बोर्ड मीटिंग का प्रबन्ध करने हेतु तथा बोर्ड के सदस्यों द्वारा बोर्ड मीटिंग में शामिल होने हेतु दर्शाया गया है । किन्तु न तो लाग बुक से स्पष्ट होता है और न ही अंकेक्षण को बताया गया कि किन-किन बोर्ड सदस्यों ने इस वाहन का प्रयोग किया है । अत: पूर्णविवरण सहित स्थिती स्पष्ट की जाए । इसके अतिरिक्त यह वाहन दिनांक 2.5.1994 को हि0 प्र0 सचिवालय से तथा दिनांक 3.5.1994 को रैस्ट हाउस से स्नोडन अस्पताल ले जाया गया तथा इस प्रयोजन हेतु यह वाहन कितने किलोमीटर चला यह भी लाग बुक में स्पष्ट नहीं है । अत: यह सूचित किया जाए कि इन दोनों दिन वाहन किस प्राधिकारी द्वारा किस प्रयोजन हेतु स्नोडन अस्पताल ले जाया गया । इसके अतिरिक्त इन दोनों दिन यह वाहन जहां-जहां ले जाया गया उन स्थानों की दूरी का पूर्ण ब्यौरा (किलोमीटरों में) भी सूचित किया जाए क्योंकि लागबुक में प्रत्येक स्थान की पृथक दूरी की अपेक्षा दोनों दिन एक कुल ही प्रविष्टियां की गई हैं ।

(ग) दिनांक 2.6.1994 को वाहन शिमला से सोलन शासकीय कार्य से ले जाया गया तथा जाने व आने की एक कुल प्रविष्टि की गई है तथा इसकी दूरी 150 किलोमीटर दर्शाई गए है जो सही प्रतीत नहीं होती अत: इस सम्बन्ध में परिवहन अथवा लोक निर्माण विभाग से शिमला से सोलन दूरी का प्रमाण पत्र प्राप्त करके यथोचित कार्यवाही की जाए व अनुपालना आगामी अंकेक्षण पर दर्शाई जाए ।

(घ) दिनांक 3.12.1994 को यह वाहन श्री एन0के0सिधंल, सहायक अभियन्ता द्वारा शासकीय कार्य से खलीनी शिमला से रोहडू ले जाया गया तथा इस यात्रा सम्बन्धि यात्रा की दूरी 125 किलोमीटर दर्शाई गई जबकि वापसी यात्रा में रोहडू से संजौली की दूरी 130 किलोमीटर दर्शाई गई है जो कि सही प्रतीत नहीं होती क्योंकि संजौली से खलीनी की दूरी भी लगभग 6 किलोमीटर है । इस प्रकार यदि खलीनी से

लगातार पृ0..26/-

रोहड़ू की दूरी 125 किलोमीटर है तो रोहड़ू से सन्यौली की दूरी 119 किलोमीटर होनी चाहिए । अत: लाग बुक में 11 किलोमीटर {130-119=11 किलोमीटर} दूरी अधिक दर्शाई गई प्रतीत होती है इस तथ्य की पुष्टि इस बात से भी होती है कि दिनांक 31.1.95 को यही वाहन मण्डल के अधिशासी अभियन्ता द्वारा स्ट्राबेरी हिल्स शिमला से रोहड़ू ले जाया गया तथा रोहड़ू से स्थानीय यात्रा सहित दूरी मात्र 110 किलोमीटर दर्शाई गई है । अत: इस प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण को दर्शाई जाए ।

7 {ङ.} दिनांक 22.12.1994 को यह वाहन श्री एन०के० सिंघल, सहायक अभियन्ता द्वारा सन्यौली से रामपुर शासकीय कार्य द्वारा ले जाया गया तथा इस प्रयोजन हेतु यात्रा की दूरी 125 किलोमीटर दर्शाई गई है जो सही प्रतीत नहीं होती क्योंकि इसी अधिकारी द्वारा दिनांक 23.12.94 को वापसी यात्रा में रामपुर से दत्ती की दूरी 105 किलोमीटर दर्शाई गई है तथा दत्ती से सन्यौली स्थित उप मण्डल न०-2 की दूरी 4 किलोमीटर से अधिक नहीं है । अत: इस प्रकरण में दिनांक 22.12.1994 को सन्यौली से रामपुर की दूरी अनावश्यक रूप से 16 किलोमीटर {125-4-105 किलोमीटर=16 किलोमीटर} अधिक दर्शाई गई प्रतीत होती है । इस सम्बन्ध में वांछित कार्यवाही करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण पर दिखाई जाए ।

27. <u>अनुपूरक समायोजन वाउचर संख्या 18 माह 3/95</u> :- इस समायोजन वाउचर द्वारा मण्डल के वाहन संख्या एचआईएस-2744 की माह 3/95 की रु०28405.65 रुपये की आउट टर्न" { out turn } का समायोजन किया गया है । एत सम्बन्धी अभिलेख के अवलोकन से पाया गया कि माह 3/95 में निम्न विवरणानुसार वाहन का प्रयोग बोर्ड के मुख्यालय में कार्यरत अनुभाग अधिकारी {प्रशासन} द्वारा भी विधान सभा सम्बन्धी कार्य हेतु किया गया है :-

क्र०सं० दिनांक	मीटर रीडिंग	किलोमीटर
1. 16.3.95	20068/20108	40
2. 27.3.95	20694/20736	42
3. 13.3.95	19925/19953	28
	कुल योग :-	110 किलोमीटर

उपरोक्त समायोजन वाउचर के साथ संलग्न विवरणिका के अवलोकन से ज्ञात होता है कि उपरोक्त 110 किलोमीटर की गई यात्रा से सम्बन्धित व्यय जो कि रु०13.65 रुपये के हिसाब से रु०1501.50 रुपये बनता है, को स्थापना व्यय के विरुद्ध डेबिट न करके निर्माण कार्य को डेबिट किया गया है जो न केवल लेखाकरण के सिद्धान्त के विरुद्ध है अपितु आबंटियों पर भी अनावश्यक वित्तीय बोझ है । अत: इस सन्दर्भ में यथोचित कार्यवाही करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण पर दिखाई जाए ।

28. <u>समायोजन वाउचर संख्या:41 माह 3/95</u> :- उक्त समायोजन वाउचर द्वारा मण्डल के वाहन संख्या एचआई एस-2744 की माह 2/95 की रु०26,531.25 रुपये की आउट टर्न का समायोजन किया गया है ।

लगातार पृ०..27/-

वाहन की लागबुकके अवलोकन से विदित होता है कि उक्त वाहन दिनांक 25.2.1995 को बोर्ड के मुख्यालय के वाहन संख्या एच०आई०एस-144 के टो-चेन (Toechain) हेतु प्रयोग किया गया तथा इस प्रयोजन हेतु वाहन 30 किलोमीटर चला । किन्तु आउट टर्न बनाते समय इन 30 कि० मीटर का व्यय, जो कि रु013.65 रुपये के हिसाब से रु0409.50 रुपये अर्थात 410.00 रुपये बनता है, मण्डल के वाहन संख्या एच०आई०एस-xxxx 2744 को ही डेबिट किया गया है जबकि वास्तव में यह व्यय उस वाहन को डेबिट होना था जो कि इस वाहन द्वारा टो-चेन से लाया गया है । अत: इस व्यय को मुख्यालय के वाहन संख्या एच०आई०एस०-144 के विरुद्ध डेबिट किए जाने के सम्बन्ध में अपेक्षित कार्यवाही करके अनुपालना अनुवर्ती अंकेक्षण को दर्शाई जाए ।

28. <u>समायोजन वाउचर संख्या 36 माह 3/95</u> :-

इस समायोजन वाउचर द्वारा श्री भोपाल सिंह चौहान, कनिष्ठ अभियन्ता के रु01866.00 रुपये के स्टाक एडवांस का समायोजन किया गया है । इस समायो-जन से सम्बन्धित अभिलेख व हस्त रसीद(Hand Receipt) के अवलोकन से विदित होता है कि दिनांक 1.12.1994 को श्री सुल बी०के०ट्रेडर्ज, न्यू शिमला से कैश मैमो संख्या 360 दिनांक 1.12.1994 के अन्तर्गत रु070. 70 रुपये में एक मेज का शीशा ( ) खरीदा गया जिसे मुख्यालय कन्टीन्जे न्सीज (Head office Contingencies) में चार्ज किया गया तथा उक्त शीशे को बोर्ड के मुख्यालय में कार्यरत लेखाधिकारी को जारी (issue) किया गया दर्शाया गया है । किन्तु न तो उक्त अधिकारी से एतसम्बन्धी कोई रसीद प्राप्त की गई और न ही इस मद को स्टाक में लिया गया है । इसके अतिरिक्त न तो बोर्ड के मुख्यालय में कार्यरत अधिकारी के लिए मण्डल की निधि में से लेखन सामग्री वस्तुओं(Stationary article) की खरीद करना उपयुक्त है और न ही इस व्यय को मुख्यालय कन्टीन्जे-न्सीज (Contingencies) में चार्ज करना उपयुक्त है । अत: इस सन्दर्भ में यथोचित कार्यवाही अब की जाए व कृत कार्यवाही से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृति न दोहराया जाना सुनिश्चित किया जाए ।

29. <u>समायोजन वाउचर संख्या 41 माह 3/95</u> :-

इस समायोजन वाउचर द्वारा वाहन संख्या एच०आई०एस-2744 की माह 12/94 की रु025,116.00 रुपये की आउट टर्न (out turn) का समायोजन किया गया है । वाहन की लाग बुक के अवलोकन से विदित होता है कि वाहन 3.12.1995 को रोहड़ू से वापिस शिमला आया तथा इन दोनों यात्राओं में 255 किलोमीटर की दूरी संलिप्त थी एत सम्बन्धी आउट टर्न बनाते समय सोशल हाउसिंग कलौनी रोहड़ू को 284 किलोमीटर का व्यय चार्ज किया गया जो कि वास्तविक दूरी से 29 किलोमीटर (284-255 किलोमीटर अधिक है । इस प्रकार न केवल उक्त आवास कालोनी के आवंटियों पर 29 किलोमीटर का व्यय रु013.65 रुपये प्रतिकिलामीटर के हिसाब से रु0395.85 रुपये अर्थात 396/-रुपये का अनावश्यक बोझ डाला गया है अपितु ऐसा करना लेखांकरण के सिद्धान्तों

गया दिना. 4-12-94 को रोहड़ू से

के भी विरुद्ध है । इसके विपरीत यह वाहन दिनांक 22.12.94 को रामपुर से जाया गया तथा 23.12.94 को रामपुर से वापिस शिमला लाया गया व इन दोनों यात्राओं में 230 किलोमीटर की दूरी संलिप्त थी । किन्तु (out turn) का समायोजन करते समय इन यात्राओं से सम्बन्धित व्यय को रामपुर कलौनी में चार्ज ही नहीं किया गया है । अत: उपरोक्त दोनों प्रकरणों के सन्दर्भ में यथोचित कार्यवाही करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण पर दर्शाई जाए ।

30. अनुपूरक समायोजन वाउचर संख्या 25 माह 3/95 :-

उपरोक्त वाउचर द्वारा मण्डल के ट्रक संख्या एच0पी0एस-1340 की माह 9/93 की लाग बुक के आधार पर आउट टर्न तैयार करके रु03549.60 रु0 के व्यय का समायोजन किया गया ।

वाहन की माह 9/93 की लाग बुक की जांच करने पर पाया गया कि यह ट्रक दिनांक 7.9.93 से 21.9.93 तक लगातार सहायक अभियन्ता, सोलन के पर्यवेक्षण में रहा तथा सोलन में 15 दिनोंकी अवधि में इस ट्रक का प्रयोग मात्र 3 दिन किया गया तथा वह भी मात्र 2 किलोमीटर प्रतिदिन के हिसाब से, जैसा कि निम्न तालिका से स्पष्ट होता है :-

क्र0सं0	दिनांक	चलने का समय	पहुंचने का समय	कहां से कहां तक	दूरी	कैफियत
1.	7.9.93	1.30 दोपहर	5.25 सांय	सन्जौली स्टोर से सोलन आवास कलौनी	60 कि0मी0	सोलन के लिए सरिया ले जाया गया ।
2.	8.9.93	9.00 प्रात:	12.55 दोपहर	—		सोलन में सरिया उतारा गया ।
3.	9.9.93 से 13.9.93			—		सोलन में वर्षा के कारण ठहराव ।
4.	14.9.93	8.45 प्रात:	5.15 सांय	—	2 कि0मी0	सोलन में स्थानीय मिट्टी का ढुलान
5.	15.9.93	9.00 प्रात:	5.10 सांय	—यथोपरि	2 कि0मी0	यथोपरि
6.	16.9.93	9.00 प्रात:	5.35 सांय	— यथोपरि	2 कि0मी0	यथोपरि
7.	17.9.93 से 20.9.93			—		सोलन में वर्षा के कारण ठहराव ।
8.	21.9.93	3.30. बाद दोपहर	5.40 सांय	सोलन आवास कालोनी से सन्जौली स्टोर	60 कि0मी0	मुख्यालय के लिए खाली वापिस ।

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट होता है कि ट्रक बिना किसी उद्देश्य तथा बिना कोई कार्य के सोलन में खड़ा रखा गया तथा सोलन में ट्रक का जो थोड़ा सा उपयोग भी किया गया है वह इस पर संलिप्त व्यय

के दृष्टिगत नगण्य (negligible) है क्योंकि एक तो 15 दिनों में ट्रोलन में ट्रक मात्र 6 कि0 मी0 चला तथा दूसरा ट्रक ड्राईवर को अनावश्यक रूप से 15 दिनों के यात्रा भत्ते का भुगतान करना पड़ा। इस गम्भीर अनियमितता बारे पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा इस प्रकार हुई कुल हानि का आंकलन करके इस में संलिप्त राशि की प्रतिपूर्ती दोषी कर्मचारी से की जाए तथा अनुपालना अनुवर्ती अंकेक्षण पर दर्शाई जाए।

31. <u>सेवा पुस्तिकाओं का रख रखाव</u> :- अंकेक्षण के समय बार-बार सुझाव के बावजूद भी सेवा पुस्तिकाओं का रख रखाव सन्तोषजनक नहीं है। अंकेक्षण के दौरान जिन तीन सेवा पुस्तिकाओं की जांच की गई है उनमें निम्न लिखित त्रुटियां पाई गई हैं जिन्हें दूर करके अनुपालना अंकेक्षण को दर्शाई जाए तथा भविष्य में सभी सेवा पुस्तिकाओं का उचित रख रखाव सुनिश्चित किया जाए :-

(क) <u>श्री लेख राज शर्मा, वर्कचार्ज सुपरवाईजर :-</u>

(1) सेवा पुस्तिका के द्वितीय खण्ड में उनका जीवन वृत (Bio data) नहीं भरा गया।

(2) सेवा पुस्तिका के द्वितीय खण्ड के साथ संलग्न उन पर आश्रित उनके परिवार के सदस्यों की सूची में किसी भी आश्रित की आयु नहीं दर्शाई गई है जबकि इस सूची में उन्होंने यह दर्शाया है कि उनके बच्चों, पत्नी व माता-पिता के अतिरिक्त उनका एक भाई भी उन पर आश्रित है। उन्होंने यह सूची कब कार्यालय में प्रस्तुत की इसका न तो सूची में कहीं उल्लेख है और न ही इस सूची में कोई तिथि अंकित है। इसके अतिरिक्त यह सूची विधिवत डायरी भी नहीं करवाई गई है। अत: यह सूची किसी भी लाभ हेतु मान्य नहीं है तथा सम्बन्धित कर्मचारी से पुन: यह सूची उपरोक्त कमियों को दूर करते हुए प्राप्त की जाए तथा अनुपालना आगामी अंकेक्षण को दर्शाई जाए।

(3) वार्षिक वेतन वृद्धियां प्रदान करते समय सेवा पुस्तिका के विहित कालम प्रक्रियानुसार नहीं भरे गए हैं।

(ख) <u>श्री अशोक कौशल, कनिष्ठ सहायक</u> :-

(1) सेवा पुस्तिका के द्वितीय व तृतीय खण्ड में उनका जीवन वृत (Bio-data) नहीं भरा गया है।

(2) वार्षिक वेतन वृद्धियां प्रदान करते समय उनके हस्ताक्षर नहीं प्राप्त किए गए जबकि कर्मचारी मण्डल कार्यालय में ही कार्यरत है।

(3) वार्षिक वेतन वृद्धियां प्रदान करते समय विहित कालम प्रक्रियानुसार नहीं भरे गए है।

(ग) <u>श्रीमती मधु, आशुटंकक :-</u>

(1) सेवा पुस्तिका के तृतीय व चतुर्थ खण्ड में उनका जीवन वृत(Bio-data) नहीं भरा गया है।

(2) उनकी सेवा पुस्तिका के तृतीय खण्ड के पृष्ठ-3 के साथ लगी उन पर आश्रित उनके परिवार सदस्यों की सूची के अनुसार (जो कि उन्होंने

कार्यालय में 21.9.1991 को प्रस्तुत की है। उनके 34 वर्षीय पति भी उन पर आश्रित दर्शाए गए है। वे उन पर क्योंकर आश्रित हैं, इस सन्दर्भ में भी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

32. <u>लघु आपत्ति विवरणिका</u> :- यह अलग से जारी नहीं की गई है।

33. <u>निष्कर्ष</u> :- पुराने अंकेक्षण प्रतिवेदनों में अनिर्णीत पैरों के शीघ्र निपटारे हेतु प्राधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया जाता है। लेखाओं के रख रखाव में और अधिक सुधार की आवश्यकता है।

हस्ता/-
उप नियन्त्रक (आडिट)
स्थानीय निधि लेखा विभाग
हिमाचल प्रदेश, शिमला-171002.

पृष्ठांकन संख्या: फिन(एल०ए०)एच(2)15(×1 /23/88 खण्ड-4, दिनांक, शिमला-2.....

प्रतिलिपि: निम्न को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है :-

<u>दुस्ती</u> 1. कार्यपालक अभियन्ता, हिमाचल प्रदेश आवास बोर्ड, निर्माण मण्डल शिमला-2 को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर की गई कार्रवाई का सटिप्पण उत्तर इस विभाग को अतिशीघ्र भेजें।

2. आयुक्त एवम् सचिव(आवास) हिमाचल प्रदेश सरकार शिमला-171002.

3. सचिव एवम् मुख्य अभियन्ता हि०प्र० आवास बोर्ड निगम विहार शिमला-2.

4. श्री होशियार सिंह, उप नियन्त्रक(ले०प०) द्वारा.....

5. श्री सेन राम रंजन, अनुभाग अधिकारी, द्वारा..........

3/10/96
उप नियन्त्रक
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला-171002.

xxx

<u>के०सी०शर्मा</u>